# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**27.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे**

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली पोस्ट डिजास्टर नीड असेसमेंट की बैठक में भाग लेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र से बजट की मांग भी करेंगे। इसके अलावा वे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मिलकर राज्य सरकार के बिलासपुर में होने वाले दो साल के जश्न समारोह में शामिल होने का निमंत्रण भी देंगे।

### सुखविंदर सिंह

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि क्रैक संस्था प्रदेश के 6 हजार 8 सौ युवाओं को निशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाएगी। उन्होंने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र से सौ विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्था द्वारा 34 करोड़ रूपए की छात्रवृति प्रदान करने के अलावा छठी कक्षा से लेकर स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को कौशल विकास पर भी जानकारी प्रदान की जाएगी।

### बाल विवाह मुक्त भारत

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय अभियान– बाल विवाह मुक्त भारत का शुभारंभ करेंगी। अभियान का प्राथमिक लक्ष्य देश को बाल विवाह की कुप्रथा से मुक्ति दिलाना है। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह मुक्ति भारत पोर्टल भी शुरू किया जाएगा। इस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की शुरूआत जागरूकता बढाने, बाल विवाह रोकने और ऐसी घटनाओं की तुरंत सूचना देने के मिशन में सहयोग के लिए की गई है। महिला और बाल विकास मंत्री इस अवसर पर बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक संकल्प दिलाएंगी। इस अभियान के दौरान संकल्प लेने वालों की संख्या 25 करोड़ तक पंहुच जाने की आशा है।

### जगत नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र भरमौर की सड़क को फोरलेन बनाया जाएगा। चंबा में सीएसआर के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविख्यात मणिमहेश यात्रा पर हर वर्ष आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को और सुगम बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मणिमहेश के लिए एक अलग से ट्रैक बनाने की संभावनाएं भी तलाशी जा रही है।

### रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश के सौ शिक्षक और 50 विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर विदेश जाएंगे। शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को दस दिन में इनकी सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने 4 दिसंबर को होने वाले राष्ट्रीय सर्वेक्षण परख की तैयारियों का भी जायज़ा लिया। इस सर्वे के परिणाम के आधार पर ही शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल की रैंकिंग तय होगी। बैठक में मुख्यमंत्री की बजट घोषणाओं की समीक्षा भी की गई।

**नशामुक्त**

प्रदेश सरकार नशामुक्त भारत अभियान के तहत केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव भेजेगी। इस प्रस्ताव में प्रदेश में नशामुक्ति केंद्र खोलने सहित विभिन्न क्रियाकलापों का विवरण शामिल किया जाएगा। प्रस्ताव में केंद्र सरकार से नशामुक्त भारत अभियान के तहत वित्तीय सहायता की मांग की जाएगी। सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के सचिव आशीष सिंघमार ने इस राज्य स्तरीय प्रस्ताव को शीघ्र अंतिम रूप देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

**तैयारियां**

शिमला जिले में बर्फबारी से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस संबंध में शिमला में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बर्फबारी से निपटने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि शिमला को पांच सैक्टर में बांटा गया है और हर सैक्टर में एक नोडल अधिकारी तैनात किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपातकालीन परिचालन केंद्र का संचालन किया जा रहा है जिसमें टोल फ्री नंबर एक शून्य सात सात पर किसी भी आपदा की जानकारी दी जा सकती है।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है **अब दूध–सब्जियों का नहीं लगेगा टिकट–बीओडी की बैठक में फैसला, एचआरटीसी की बसों से हटाए जाएंगे गुटखा और शराब का विज्ञापन।** दैनिक भास्कर का शीर्षक है **एचआरटीसी बदलेगी लगेज पॉलिसी, किसानों को बसों में सब्जी, दूध ले जाने पर नहीं लगेगा किराया।** दैनिक सवेरा टाइम्स के अनुसार **हिमाचल में वॉल्वो बसों की खरीद का टेंडर रद्द, नई बसों का इंतजार बढ़ा।**

पंजाब केसरी की एक खबर है **दिल्ली पहुंचे सीएम, हाईकमान से सत्ता संगठन से जुड़े विषयों पर होगी चर्चा।**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से हिमाचल दस्तक लिखता है **अगले तीन वर्षों में हिमाचल को बनाएंगे आत्मनिर्भर।**

दैनिक जागरण की एक खबर है **सरकार के दो साल–जश्न में पांच लाख लाभार्थियों को देंगे निमंत्रण।**

अमर उजाला की एक सुर्खी है **बद्दी स्थित ईपीएफओ ऑफिस में सीबीआई का छापा, कब्जे में लिए दस्तावेज।**

मौसम पर आपका फैसला के शब्द है **ताबो का न्यूनतम तापमान माइनस 10 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरा।**

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ नमस्कार।**